हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 42.7°c
न्यूनतम 30.2°c

**नगर में आज**
- आईएमए में रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों का प्रदर्शन सुबह 11 बजे
- रोडवेज कर्मचारियों का मांगों को लेकर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रदर्शन
- मदवि में यूजी कोर्स की दूसरी काउंसलिंग

**खबर संक्षेप**

### संजय कॉलोनी का युवक गांजे के साथ गिरफ्तार

**रोहतक।** शहर थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 10 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। शहर थाना पुलिस की टीम हिसार बाइपास चौक के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि संजय कॉलोनी निवासी एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संजय कॉलोनी के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान रामबाबु पुत्र छोटूराम निवासी संजय कॉलोनी, रोहतक के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

### मदद के बहाने डेबिट कार्ड बदल ₹45 हजार उड़ाए

**रोहतक।** शहर में एटीएम पर मदद का झांसा देकर एक युवक ने बुजुर्ग का डेबिट कार्ड बदलकर उनके खाते से 45 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-4 निवासी 71 वर्षीय देवता दीन ने बताया कि 27 जून को वे आयकर विभाग कार्यालय के पास इंडियन बैंक के एटीएम पर रुपये निकालने गए थे। उन्होंने 2,000 रुपये निकाले और खाते का बैलेंस चेक करने लगे तो वहां मौजूद एक युवक ने मदद के बहाने उन्हें बातों में उलझाकर उनका डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में आरोपी ने उनके खाते से 45 हजार रुपये निकाल लिए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर देवता दीन ने पुलिस को शिकायत दी।

### हेल्थ कैंप गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में 5 को

**रोहतक।** गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार, शिवाजी कॉलोनी में 5 जुलाई को निशुल्क नेत्र, स्वास्थ्य व मामोग्राफी शिविर लगेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उप प्रधान परमजीत सिंह ने बताया कि राजेश जैन ऍमडी एलपीएस बोसर्ड तथा मनमोहन गोयल होंगे। प्रवीण कौशिक पार्षद वार्ड 20 तथा दीपक नागपाल पार्षद वार्ड 19 मुख्य अतिथि होंगे। डॉ.. एसपीएस भाटिया नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. विकास कक्कड़ सेवानिवृत्त ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. भूषण कथूरिया ईएनटी, डॉ. सुहास मेडिकल ऑनकोलोजिस्ट, डॉ. चारु गुप्ता पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. रमनीक दंत, डॉ. अरुण नरूला रेडियोलॉजिस्ट,डॉ. सतीश गुलाटी आदि वरिष्ठ डॉ.क्टर्स अपनी सेवाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सेवाएं निशुल्क देंगे। दवाइयां, चश्मे, ईसीजी, बीपी, शुगर जांच आदि सेवाएं निशुल्क होंगी।

## प्रॉपर्टी की जंग में रिश्तों का कत्ल
## स्कूल संचालक मनीषा मित्तल हत्याकांड की गुत्थी सुलझी
# भाई ही निकला मास्टरमाइंड, 8.50 लाख रुपये देकर रची बहन की हत्या की साजिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिमला के एक प्रतिष्ठित स्कूल परिसर में हुई महिला की सनसनीखेज हत्या की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। इस हत्याकांड का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस भाई पर बहन को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी थी, वही उसकी हत्या का मास्टरमाइंड निकला।

शिमला के सरस्वती पैराडाइज स्कूल परिसर में रोहतक निवासी मनीषा मित्तल की गोली मारकर हत्या करने के मामले में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि हत्या की साजिश मनीषा के छोटे भाई हिमांक मित्तल ने अपने दोस्त गोविंद के साथ मिलकर रची थी। लाखों रुपये देकर शूटर भी हायर किए और स्कूल के सीसीटीवी की मदद से बहन की हर गतिविधि पर नजर रखकर उसकी लोकेशन तक हत्यारों को भेजता रहा।

पुलिस ने अब तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी शिमला मेहर पंवार के अनुसार, जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए दोनों शूटरों से पूछताछ में साजिश की पूरी परतें खुलीं। इसके बाद पुलिस ने रोहतक में हिमांक मित्तल को हिरासत में लिया, जबकि उसके दोस्त गोविंद को गिरफ्तार कर शिमला लाया गया। गोविंद को अदालत से चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि हिमांक को स्वास्थ्य कारणों से फिलहाल रोहतक में पुलिस निगरानी में रखा गया है और जल्द शिमला ले जाया जाएगा।

### गोविंद ने तैयार किए शूटर

पुलिस जांच में सामने आया कि हिमांक मित्तल ने हत्या से पहले अपने दोस्त गोविंद के बैंक खाते में करीब साढ़े आठ लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसी रकम से हत्या की पूरी साजिश को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों शूटरों को करीब 70 हजार रुपये दिए गए, जिनमें 20 हजार रुपये बैंक खाते से और 50 हजार रुपये नकद दिए गए। गोविंद ने ही शूटरों को वारदात के लिए तैयार किया और पूरी योजना को संचालित किया।

### यूं रखी बहन पर नजर

जांच में यह भी सामने आया कि हिमांक मित्तल के पास सरस्वती पैराडाइज स्कूल के सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस था। वह लगातार अपनी बहन मनीषा की गतिविधियों पर नजर रखता था। पुलिस के अनुसार, इसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गोविंद के जरिए शूटरों को मनीषा की सटीक लोकेशन भेजी जाती रही। जब मनीषा स्कूल गेट पर पहुंची, तब पहले से घात लगाए बैठे शूटरों ने उसे गोली मार दी।



हिमांक को स्वास्थ्य कारणों से फिलहाल रोहतक में पुलिस निगरानी में रखा गया है और जल्द शिमला ले जाया जाएगा।

### रोहतक व झज्जर से पकड़े गए हमलावर

इस मामले में पुलिस पहले ही दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहतक के गांव सुनारियां खुर्द निवासी आशीष अहलावत और झज्जर के गांव दुजाना निवासी दीपक के रूप में हुई है। दोनों को दस दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इसी पूछताछ के दौरान उन्होंने हिमांक और गोविंद के नाम उजागर किए।

### वारदात से पहले विदेश भाग गया था गोविंद

पुलिस के अनुसार, गोविंद ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार किराये पर उपलब्ध करवाई थी। उसने ही शूटरों तक रुपये भी पहुंचाए। हत्या से दो दिन पहले वह विदेश चला गया था। विदेश से लौटने के बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया और छिपने का प्रयास करता रहा। पुलिस ने तकनीकी जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### माता-पिता की मौत के बाद शुरू हुआ विवाद

पुलिस जांच व पुराने दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2020 में माता-पिता धर्मपाल मित्तल और नूतन मित्तल की संदिग्ध मौत के बाद भाई-बहन के बीच सरस्वती पैराडाइज स्कूल के प्रबंधन और संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया था। मनीषा मित्तल स्कूल के संचालन में अपनी भूमिका चाहती थीं, जबकि हिमांक स्वयं को संस्था का प्रमुख बताता था। इसी विवाद को लेकर दोनों के बीच लगातार कानूनी लड़ाई चल रही थी। हत्या से पहले मनीषा मित्तल कई बार सार्वजनिक रूप से अपने भाई हिमांक मित्तल पर गंभीर आरोप लगा चुकी थीं। उन्होंने दावा किया था कि स्कूल सोसायटी के रिकॉर्ड में फर्जी दस्तावेज लगाए गए हैं और मूल रिकॉर्ड छिपाए जा रहे हैं। उन्होंने हिमांक पर माता-पिता के कथित फर्जी हस्ताक्षर कर करोड़ों रुपये के गबन का आरोप भी लगाया था।

### मनीषा ने अपने भाई पर लगाए थे कई गंभीर आरोप

मनीषा का यह भी कहना था कि वर्ष 2023 में स्कूल प्रबंधन के चुनाव नियमों के विरुद्ध कराए गए। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी थी। बाद में अदालत ने चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर फैसला भी सुनाया था। इसके बाद जनवरी 2026 में पुलिस की मौजूदगी में उन्हें स्कूल में प्रवेश मिला था। मनीषा ने अपने भाई, उसके सहयोगियों और स्कूल प्रबंधन पर झूठे मुकदमे दर्ज करवाने, फर्जी शिकायतें देने और उन्हें स्कूल से दूर रखने के भी आरोप लगाए थे। उन्होंने तत्कालीन प्रिंसिपल पर भी भाई का साथ देने और उनके खिलाफ माहौल बनाने का आरोप लगाया था। अब हिमाचल प्रदेश पुलिस का दावा है कि लंबे समय से चल रहे इसी प्रॉपर्टी और स्कूल प्रबंधन विवाद ने आखिरकार एक सुनियोजित हत्या का रूप ले लिया। पुलिस पूरे षड्यंत्र की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और मामले में आगे भी कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## पिता संग घूमने निकला था दस वर्षीय अस्मत, कार की टक्कर लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

**नेशनल हाईवे-9 पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सड़क पार करते समय हादसा**

मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे-9 स्थित सांपला बाइपास पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक बच्चे के पिता अब्दुल रशीद ने शिकायत में बताया कि उनका 10 वर्षीय बेटा अस्मत मंगलवार सुबह घर से घूमने के लिए निकला था। नेशनल हाईवे-9 पर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सड़क पार करते समय एक कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पीजीआई रोहतक ले जाते समय तोड़ा दम

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल अस्मत को सांपला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अब्दुल रशीद की शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक की पहचान की जा सके। बताया गया है कि मृतक का परिवार सांपला में किराये के मकान में रहता है। मासूम की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि स्थानीय लोगों ने भी तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

## शहर की कबाड़ी मार्केट में मिली युवक की लाश नहीं हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के गढ़ी मोहल्ला स्थित कबाड़ी मार्केट में मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई में भिजवा दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मृतक के दाहिने हाथ पर अजय एमपी लिखा मिला है। इसी आधार पर उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।






## बहलबा के खेत में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित टेलेंट ट्री स्कूल के समीप बहलबा गांव के एक ज्वार के खेत से महम पुलिस ने करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, स्कूल का स्टाफ छत पर किसी कार्य के लिए गया था। इसी दौरान उनकी नजर पास के खेत में पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तुरंत महम पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतक ने लोवर और टी-शर्ट पहन रखी थी तथा पास में उसकी चप्पलें भी पड़ी मिलीं। प्रारंभिक जांच में शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव औंधे मुंह पड़ा मिला और उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। शरीर से काफी मात्रा में खून निकलने के कारण चेहरा काला और नीला पड़ चुका था।



महम। ज्वार के खेत में पड़ा अज्ञात व्यक्ति का शव और साक्ष्य एकत्रित करती एफएसएल व पुलिस टीम।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए रोहतक पीजीआई के डेड हाउस में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। महम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज कुमार तथा फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए, जबकि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है।

## अब ओटीपी के बिना नहीं बनेगा पीयूसी सर्टिफिकेट

**रोहतक।** जिले में अब प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) बनवाने के लिए वाहन के पंजीकरण रिकॉर्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन विभाग की नई व्यवस्था के तहत बिना ओटीपी सत्यापन के पीयूसी प्रमाणपत्र जारी नहीं होगा। यदि वाहन रिकॉर्ड में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है या पुराना है, तो पहले उसे अपडेट कराना होगा। विभाग का कहना है कि इससे सेवाएं अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और वास्तविक वाहन स्वामी तक सीमित रहेंगी।

विभाग के अनुसार ऑनलाइन सेवाओं के लिए वाहन का पंजीकरण नंबर, पूरा चेसिस नंबर और इंजन नंबर भी आवश्यक हैं। सही मोबाइल नंबर दर्ज होने से पीयूसी के अलावा वाहन कर, फिटनेस, ई-चालान, बीमा, परमिट सहित अन्य परिवहन सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश सीधे वाहन स्वामी तक पहुंचेंगे। विभाग ने सभी वाहन स्वामियों से जल्द सही और सक्रिय मोबाइल नंबर अपडेट कराने की अपील की है।

### मुफ्त में कराएं फोन नंबर अपडेट

जिन वाहन स्वामियों का मोबाइल नंबर रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है या बदल चुका है, वे लघु सचिवालय स्थित खिड़की नंबर-3 पर सादा आवेदन-पत्र, आरसी की प्रति और एक वैध पहचान पत्र जमा कर मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**मिशन एडमिशन** | **एमडीयू के कई कोर्सेज में घटा रुझान**

## जर्मन और फ्रेंच सीखने वालों की लगी कतार सिंगल डिजिट में सिमटे कई कोर्सेज के आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी), एलएलबी, बीपीएड और विभिन्न सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए अपनी प्रवेश प्रक्रिया तेज कर दी है। हालांकि, इस बार के आंकड़ों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चौंका दिया है। एक तरफ जहां विदेशी भाषाओं (जर्मन और फ्रेंच) को सीखने के लिए युवाओं में भारी होड़ मची है, वहीं दूसरी तरफ कुछ बेहद आधुनिक और करियर-ओरिएंटेड सर्टिफिकेट व पीजी डिप्लोमा कोर्सेज में छात्रों का टोटा देखने को मिल रहा है। कई कोर्सेज में तो 10 से भी कम आवेदन आए हैं।

**शून्य पर अटका खाता:** इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम' जैसे महत्वपूर्ण कोर्स में कुल 30 सीटों पर महज 3 आवेदन आए, जिनमें से एक भी छात्र ने फीस जमा नहीं की। यानी इस कोर्स का खाता तक नहीं खुल सका।

**सिर्फ 1 और 2 दाखिले:** 'पीजी डिप्लोमा इन जेनेटिक काउंसलिंग' (15 सीटें) में केवल 1 छात्र ने और 'फूड ट्रक ऑपरेशंस' (15 सीटें) व 'प्रोफेशनल स्किल्स' (30 सीटें) में महज 2-2 छात्रों ने फीस भरी है।

**3D प्रिंटिंग और AI भी फेल:** तकनीकी दौर के सबसे एडवांस माने जाने वाले '3D प्रिंटिंग एंड डिजाइन' (50 सीटें) में केवल 11 और 'एआई व एमएल इन फार्मास्युटिकल साइंसेज' (60 सीटें) में सिर्फ 36 छात्रों ने फीस जमा कराई है।

### सीटों, फीस जमा कराने वालों व आवेदन की संख्या

| कोर्स नाम | सीट | फीस | आवेदन |
|---|---|---|---|
| सर्टिफिकेट कोर्स इन जर्मन लैंग्वेज | 40 | 97 | 155 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्रेंच लैंग्वेज | 40 | 57 | 99 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस व काउंसलिंग | 30 | 42 | 68 |
| सर्टिफिकेट कोर्स एआई व एमएल इन फार्मास्युटिकल साइंसेज | 60 | 36 | 80 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन | 50 | 33 | 59 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन लीडरशिप एंड मैनजमेंट स्किल्स | 30 | 29 | 59 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनलिटिक्स | 30 | 27 | 80 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनीकेशन स्किल्स | 30 | 23 | 58 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन स्पैनिश लैंग्वेज | 40 | 19 | 40 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग व जीआईएस | 20 | 18 | 28 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन इंडियन कल्चर एंड हिस्ट्री | 30 | 14 | 23 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन पर्सनल एंड सोशल हेल्थ | 60 | 13 | 17 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन टेररिज्म स्टडीज | 20 | 13 | 20 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन वेस्ट मैनेजमेंट | 40 | 12 | 18 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन 3डी प्रिंटिग एंड डिजाइन | 50 | 11 | 31 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा एग्रीकल्चरल व रुरल डेवलपमेंट | 40 | 11 | 32 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन इंडियन एडनमिनिस्ट्रेशन | 30 | 9 | 24 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॅयूटेशनल बायोलॉजी | 30 | 9 | 24 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन हॉस्पिटल फूड सर्विसेज एंड डायटेटिक्स | 30 | 8 | 13 |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कर्मकांड | 40 | 7 | 9 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम | 30 | 0 | 3 |
| पीजी डिप्लोमा इन जेनेटिक काउंसलिंग | 15 | 1 | 18 |
| सर्टिफिकेट कोर्स ऑन फूड ट्रक ऑपरेशंस | 15 | 2 | 3 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रोफेशनल स्किल्स | 30 | 2 | 12 |




## खबर संक्षेप

### मत्स्य पालन में लाखों रुपये तक का अनुदान

**रोहतक।** अनुसूचित जाति के लोगों को मत्स्य पालन से जोड़कर स्वरोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान दे रही है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।



मछली पालन के लिए पहले वर्ष पंचायती तालाबों या सरकारी जलाशयों के पट्टे पर 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान दिया जाएगा। अधिकतम चार हेक्टेयर तक दो लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि दूसरे से पांचवें वर्ष तक पट्टा राशि पर 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक राशि का 40 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान मिलेगा।

### किसान खेत में, लोग घरों में प्यासे; पहले हरियाणा को मिले पूरा पानी: खत्री

**सांपला।** भारतीय किसान कांग्रेस के कोर्डिनेटर ओमप्रकाश खत्री ने प्रदेश में गहराते जल संकट को लेकर हरियाणा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज राज्य के किसान और आम नागरिक दोनों पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर किसानों के खेत सिंचाई के अभाव में सूख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों को घरों में पीने के लिए पर्याप्त और स्वच्छ पानी भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। खत्री ने कहा कि प्रदेश की अधिकांश नहरों में नियमित रूप से पानी नहीं छोड़ा जा रहा। उनका आरोप है कि नहरों में करीब दो-दो महीने के अंतराल के बाद पानी छोड़ा जाता है और जो पानी छोड़ा भी जाता है, वह अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता। इसके चलते किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं और खेती संकट में है।
उन्होंने बताया कि पिछले दो से तीन महीनों से गिझी, नयाबास, भैंसरू, चुलियाणा, न्यू इस्माईला, कुलताना, पाकस्मा, कसरेटी सहित कई छोटी माइनरों की टेल तक पूरा पानी नहीं पहुंचा है।

# गलत तरीके से की गई रजिस्ट्री की जांच के लिए निगम आयुक्त को सौंपा पत्र

## ■50 करोड़ की सरकारी जमीन ■28 रजिस्ट्रियां और 10 हजार लोगों के रास्ते पर कब्जे का आरोप ■मामला विजय नगर का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विजय नगर की बाग वाली गली में कथित भूमि घोटाले को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार को शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, विवादित रजिस्ट्रियों को रद्द करने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरकारी जमीन की गलत लोकेशन दिखाकर प्रॉपर्टी आईडी बनवाई गई और फिर अवैध प्लॉटिंग कर लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। मामले के अनुसार, विजय नगर की बाग वाली गली के निवासियों ने नगर निगम आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर मौजा सुनारिया कला की नगर निगम की जमीन से जुड़े कथित फर्जीवाड़े की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सरकारी जमीन की गलत लोकेशन दर्शाकर प्रॉपर्टी आईडी तैयार कराई गई और उसके आधार पर अवैध रूप से प्लॉट बेचकर करीब 28 रजिस्ट्रियां कर दी गईं।

शिकायत के अनुसार, विजय नगर की बाग वाली गली पिछले करीब 50 वर्षों से क्षेत्र के लोगों के लिए प्रमुख आवागमन का मार्ग है,



**रोहतक।** निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंची विजय नगर की महिलाएं।

जिससे लगभग 10 हजार की आबादी गुजरती है। हाल ही में कुछ लोगों ने इस रास्ते पर ईंट और रेत डालकर कब्जा करने का प्रयास किया, जिसे प्रशासन ने हटवा दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की पड़ताल की तो पता चला कि संबंधित भूमि नगर निगम की बताई जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है।

निवासियों का आरोप है कि कुछ भूमाफियाओं ने कथित रूप से सरकारी जमीन को खरीदने का दावा करते हुए पहले अदालत में गलत तथ्य प्रस्तुत किए, फिर अपने नाम दर्ज कराकर अवैध कॉलोनी विकसित कर दी। शिकायत में कहा गया है कि बिना लाइसेंस कॉलोनी काटी गई और लोगों को यह बताकर प्लॉट बेचे गए कि यह अप्रूव्ड कॉलोनी है, जबकि वास्तविकता में यह अनअप्रूव्ड क्षेत्र था और मूल रूप से कृषि योग्य भूमि थी। पूरे मामले का खुलासा तब हुआ, जब कथित जमीन मालिकों ने गली पर कब्जा करना शुरू किया।

### निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराई जाए

इसके बाद स्थानीय लोगों ने दस्तावेजों की जांच कर कथित अनियमितताओं की जानकारी जुटाई। शिकायतकर्ता मंजू, संतरा, दीपक, सुदेश, बबीता, राजबीर, देवेंद्र, कमलेश सहित दर्जनों महिलाओं ने बताया कि ने निगम आयुक्त से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराई जाए, विवादित 28 रजिस्ट्रियों की वैधता की जांच की जाए तथा यदि अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं तो उन्हें रद्द किया जाए। साथ ही पूरे प्रकरण में शामिल सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ताओं ने यह भी मांग की है कि संबंधित सरकारी भूमि को पुनः सरकार के कब्जे में लेकर सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित किया जाए, ताकि आम नागरिकों के हितों की रक्षा हो सके। गौरतलब है कि विजय नगर में कब्जा हटवाने पर लोगों ने पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर का भी सम्मान समारोह आयोजित किया था।

## किला रोड पर फायर अफसरों ने की मॉक ड्रिल

# शहीद भगत सिंह पार्किंग में अग्नि-शमन केंद्र बनाया जाए, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**डी पार्क में हुई आगजनी में जा चुकी तीन लोगों की जान, 12 दुकानें हुई थी खाक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सबसे व्यस्त और सबसे तंग बाजारों में अगर कभी बड़ी आग लग जाए तो क्या होगा? डी-पार्क अग्निकांड की दर्दनाक घटना, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और 12 दुकानें जलकर राख हो गईं, ने इस सवाल को फिर से सामने ला दिया है। इसी चिंता को लेकर सामाजिक प्रतिनिधियों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए शहीद भगत सिंह मल्टीलेवल पार्किंग में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि शहर के पुराने बाजारों की संकरी गलियां और भारी भीड़ किसी भी आपदा के समय राहत कार्यों में सबसे बड़ी बाधा बन सकती हैं। वहीं, किला रोड पर फायर विभाग के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल कर आग से बचाव और राहत कार्यों का अभ्यास किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुझाव दिया कि किला रोड पर पास में ही स्थित भगत सिंह कॉम्प्लेक्स से पानी की पाइपलाइन बिछाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी आगजनी की स्थिति में तुरंत पानी उपलब्ध कराया जा सके। ज्ञापन में पार्षद कपिल नागपाल व किला रोड के व्यापारी नेता बिट्टू सचदेवा ने बताया गया कि रोहतक का मुख्य बाजार क्षेत्र, जिसमें किला रोड, बड़ा बाजार, दिल्ली गेट, गोहाना अड्डा, निरंकारी मार्केट तथा इनके आसपास के किला मोहल्ला, पाड़ा मोहल्ला और गोहाना अड्डा जैसे रिहायशी इलाके शामिल हैं, शहर का सबसे अधिक व्यस्त इलाका है। यहां करीब 50 हजार की आबादी निवास करती है, जबकि दिनभर हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं।

### फायर अफसर बोले किला रोड पर भगत सिंह काम्प्लेक्स से पानी की पाइप लाइन लगवानी चाहिए

#### इलाकों में करीब 50.000 की रिहायशी आबादी

मॉक ड्रिल के दौरान फायर अधिकारियों ने भी माना कि किला रोड और आसपास के क्षेत्रों में त्वरित अग्निशमन व्यवस्था की आवश्यकता है। सुझाव दिया कि भगत सिंह कॉम्प्लेक्स से पानी की स्थायी पाइपलाइन जोड़ी जाए, जिससे आग लगने की स्थिति में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। आपका ध्यान रोहतक के मुख्य बाजार की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ जिसका एक बड़ा हिस्सा किल्ला रोड, बड़ा बाजार, दिल्ली गेट, गोहाना अड्डा, निरंकारी मार्केट और इनके आस-पास बसे हुए रिहायशी इलाके किल्ला मोहल्ला, पाड़ा मोहल्ला, गोहाना अड्डा हैं। इन इलाकों में करीब 50.000 की रिहायशी आबादी एवं दिन के समय सभी बाजारों में हजारों लोगों की भीड़ का आवागमन रहता है। आम दिनों और त्योहार के समय रोहतक के आस-पास के गांवों से भी लोग खरीदारी करने आते रहते हैं। इन बाजारों एवं इनके साथ लगते रिहायशी इलाकों में बहुत ही तंग गालियां है जिनमे सिर्फ इंसान पैदल ही या कोई दुपहिया वाहन गुजर सकते है। इन गलियों में किसी प्रकार के बड़े साधनों के गुजरने का कोई रास्ता नहीं है। बाजारों में तंग गालियां होने के कारण पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

#### एहतियातन सावधानी बरतने की जरूरत

मान्यवर, हाल ही में रोहतक के डी-पार्क स्थित दुकानों में आगजनी की घटना से जो जान-माल की हानि हुई है उसको देखते हुए इन इलाकों में हमें एहतियातन सावधानी बरतने की जरूरत है। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना इन इलाकों में ना घटें। इसलिए आपसे निवेदन है कि सुविधा के अनुसार बहु-मंजिला शहीद भगत सिंह पार्किंग जो नगर निगम के अधीन है वहां पर 4 मंजिल बिल्डिंग में से एक मंजिल पर अग्निशमन केंद्र बनाया जाए और आगजनी की दुर्घटना को रोकने के प्रबंध करवाएं जाए।

## न्यूज डायरी



### 25 वर्ष से अधिक की सेवाएं देने के उपरांत अधीक्षक कर्मवीर सेवानिवृत्त

**रोहतक।** सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के स्थानीय कार्यालय में अधीक्षक के पद पर कार्यरत कर्मवीर मंगलवार को 25 वर्ष से अधिक की सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी संजीव सैनी, आरपीएलओ पारूलता एवं स्टाफ के समस्त सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंटकर भावपूर्ण विदाई दी। संजीव सैनी ने सेवानिवृत्त अधीक्षक कर्मवीर के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि वे समाज व परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। आरपीएलओ पारूलता ने अधीक्षक की सेवाओं का उल्लेख किया। जाट शिक्षण संस्था के पूर्व अध्यक्ष राज सिंह नांदल, बलराज नांदल, संजय राठी ने भी अधीक्षक कर्मवीर की सेवानिवृति पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधीक्षक के परिजन, आरपीएलओ कार्यालय के अधीक्षक कुलदीप राठी सहित जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय का समस्त स्टाफ व आरपीएलओ का स्टाफ मौजूद रहा।

### बंसीलाल 34 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त



**महम।** महम नगर पालिका के सफाई दरोगा बंसीलाल मंगलवार 30 जून को 34 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के मौके पर नगर पालिका कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर स्थानीय नेता शमशेर खरकड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। शमशेर खरकड़ा ने बंसीलाल को पगड़ी पहनाई और चादर भेंट की। इसी तरह अधिकारियों और नगर पालिका स्टाफ ने उनको उपहार भेंट किए। खरकड़ा ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि बंसीलाल ने महम नगर पालिका में ही 34 साल पहले अपनी नौकरी ज्वाइन की थी और यहीं से सेवानिवृत हो गए। ईमानदारी, निष्ठा और लग्न से काम किया। जिस वजह से उनका कभी तबादला नहीं हुआ। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड की बात है। इस दौरान शमशेर खरकड़ा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना की। कहा कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने महम को करोड़ों रुपए की ग्रांट दी हैं। जिस वजह से महम में अनेक विकास कार्य किए हैं। इन विकास कार्यों की लंबी फेहरिस्त है। इस मौके पर नगर पालिका प्रधान भारती पंवार, पूर्व प्रधान फतेह सिंह, उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, व्यापार यूनियन महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, पालिका अभियंता अशोक हुड्डा व एडवोकेट जितेंद्र सैनी समेत कई पार्षद व नगर पालिका कर्मचारी मौजूद थे।

### एमडीयू के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त, कुलपति ने दी विदाई



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सोमवार को सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक ताकत उसके कर्मनिष्ठ और समर्पित कर्मचारी होते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक विश्वविद्यालय की सेवा करने वाले कर्मचारियों का योगदान हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों को बधाई दी और उनको स्वस्थ-समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वालों में सीडीओई में कार्यरत अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शीलू चौधरी, विश्वविद्यालय प्रेस के प्लेट मेकर राजबीर सिंह तथा एक्सईएन कार्यालय के वाटर पंप ऑपरेटर अशोक कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. राजेश पुनिया, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, सीडीओई निदेशक प्रो. राजेश धनखड़. प्रो. गुलाब सिंह, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट, कुलपति के ओएसडी डॉ. रवि प्रभात, निजी सहायक खैराती लाल सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

### पुलिस के सात अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त



**रोहतक।** पुलिस के सात अधिकारी एवं कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में हॉनरेरी निरीक्षक निरंजन सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक सुरेंद्र, हॉनरेरी निरीक्षक देवेंद्र पाल, हॉनरेरी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक जयभगवान, मुख्य सिपाही नरेंद्र कुमार तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नफे सिंह शामिल रहे। उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है।

### डॉ. रितु लाल को भावभीनी विदाई



**कलानौर।** सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज, कलानौर में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रितु लाल के सम्मान में गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कॉलेज प्रबंधन समिति, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा गणमान्य अतिथियों ने उनके 30 वर्षों के समर्पित शैक्षणिक योगदान को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महासचिव महेंद्र कुमार खुराना, प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ, गवर्निंग बॉडी के सदस्य, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी और अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में शादी लाल बत्रा ने कहा कि डॉ. रितु लाल ने पूरे सेवाकाल में शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा हजारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यनिष्ठा, सरल स्वभाव और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा।

**डीएलएफ कॉलोनी में 10 दिन से मंडरा रहा हादसे का खतरा**

# धुआं उगल रहा ट्रांसफार्मर खामोश बिजली निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलएफ कॉलोनी में पिछले 10 दिनों से एक बिजली ट्रांसफार्मर लगातार धुआं उगल रहा है। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचकर स्थायी समाधान नहीं कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी और शॉर्ट सर्किट के कारण जिले में पहले भी आगजनी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन निगम किसी बड़े हादसे का इंतजार करता नजर आ रहा है।

डीएलएफ कॉलोनी के निवासियों के अनुसार, कॉलोनी में लगा ट्रांसफार्मर पिछले करीब दस दिनों से लगातार धुआं छोड़ रहा है। कई बार ट्रांसफार्मर से चिंगारियां भी निकल चुकी हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर रिहायशी क्षेत्र के बीचों-बीच स्थित है और इसके आसपास से हर दिन बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं। ऐसे में यदि ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई या बड़ा विस्फोट हो गया तो गंभीर हादसा हो सकता है।

#### कई बार दी जा चुकी शिकायत

लोगों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार दी जा चुकी है। फोन के माध्यम से शिकायत करने के साथ-साथ निगम कार्यालय में भी इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। मौके पर स्थायी मरम्मत या ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

#### शॉर्ट सर्किट से लग सकती है आग

कॉलोनीवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के मौसम में बिजली उपकरणों पर अतिरिक्त लोड रहता है। ऐसे में यदि धुआं निकलने वाले ट्रांसफार्मर को समय रहते ठीक नहीं किया गया तो शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग सकती है। उनका कहना है कि जिले में पिछले कुछ दिनों के दौरान ट्रांसफार्मरों और बिजली लाइनों में फॉल्ट के कारण कई स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद बिजली निगम इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

#### पूरी जिम्मेदारी बिजली निगम की

निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर की मरम्मत या बदलने का कार्य नहीं किया गया और कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली निगम की होगी। लोगों ने निगम से तत्काल तकनीकी टीम भेजकर ट्रांसफार्मर की जांच कराने और संभावित खतरे को खत्म करने की मांग की है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा में लापरवाही किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### हवन यज्ञ के बाद पक्षियों के लिए बांटे सकोरे, दाना-पानी रखने का किया आह्वान

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्थानों स्थित चौधरी देवी सिंह यज्ञशाला में मंगलवार को मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में तिलक नगर आर्य समाज के संयोजक सुखबीर दहिया ने ब्रह्मा के रूप में अनुष्ठान संपन्न कराया, जबकि एडवोकेट चंचल नांदल यजमान रहे। हवन के बाद लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल ने उपस्थित लोगों को पक्षियों के लिए सकोरे वितरित किए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण जल स्रोत सूखने लगे हैं, जिससे पक्षियों को पानी और भोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपने घरों की छत, आंगन, मंदिर या अन्य खुले स्थानों पर सकोरे रखकर उनमें दाना और पानी उपलब्ध कराने का आह्वान किया, पक्षियों को राहत मिल सके।

#### प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पक्षियों का संरक्षण जरूरी

देशवाल खाप के नाहर सिंह देशवाल ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पक्षियों का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि पक्षी सुरक्षित रहेंगे तो पर्यावरण भी संतुलित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान एक्शन धर्मवीर दहिया और राष्ट्रीय किसान कामगार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र खत्री ने जाट शिक्षण संस्थानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर लोकहित संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता मलिक, मुकेश श्योराण, रणबीर नांदल, मनोज सहरावत, कृष्ण पहलवान, सुभाष कादयान, प्रदीप हुड्डा, यशवीर खरब, इतिहासकार हरीश नांदल सहित अनेक सामाजिक प्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने हवन में आहुति देकर समाज और पर्यावरण की खुशहाली की कामना की।

# एसआईआर-2026 को लेकर जागरूकता जरूरी

## हर पात्र मतदाता भरे गणना फॉर्म: बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर विधायक भारत भूषण बत्रा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर लोगों से जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और पारदर्शी बनाना है, इसलिए किसी भी पात्र नागरिक का वोट कटना नहीं चाहिए और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। विधायक बत्रा ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपना वोट अवश्य बनवाए तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करे। रोहतक विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस बीएलए-2 कार्यकर्ताओं के तीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पूरी प्रक्रिया शुद्धता और सुचिता के साथ पूरी की जाए। उन्होंने दोहराया कि "असली वोट नहीं कटना चाहिए और नकली वोट नहीं जुड़ना चाहिए।" विधायक ने कहा कि इस बार एसआईआर-2026 के तहत कुछ नई शर्तें लागू की गई हैं।



#### ये मौजूद रहे

पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष शहरी कुलदीप केडी, ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील बल्ली, कपिल खन्ना, पार्षद विजय गोयल, पूर्व पार्षद गुलशन इश्पुनियानी, सुरेंद्र बत्रा, बीएलए-2 विद्यानंद मलिक और योगेंद्र बोस मौजूद रहे।

**मौसम** ...आखिर शरीर को 6 डिग्री ज्यादा गर्मी क्यों लगी, जानिए इसका वैज्ञानिक कारण

# रोहतक शहर ने मंगलवार को महसूस की 49 डिग्री की गर्मी, जबकि तापमान रहा 42.7 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंगलवार को शहर अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन लोगों ने 48 से 49 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी महसूस की। मौसम विज्ञान की भाषा में इसे महसूस होने वाला तापमान कहा जाता है। इसका मतलब यह नहीं कि थर्मामीटर गलत तापमान बता रहा था, बल्कि वातावरण की परिस्थितियों के कारण मानव शरीर पर गर्मी का असर वास्तविक तापमान से कहीं अधिक पड़ रहा था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार महसूस होने वाला तापमान केवल हवा के तापमान से तय नहीं होता। इसमें हवा की नमी (ह्यूमिडिटी), हवा की गति, सूर्य की सीधी किरणें, कंक्रीट की सड़कें और इमारतों से निकलने वाली अतिरिक्त गर्मी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यही वजह है कि मंगलवार को थर्मामीटर 42.7 डिग्री पर रुका, लेकिन लोगों को गर्मी करीब 49 डिग्री जैसी महसूस हुई। वास्तविक और महसूस होने वाला तापमान का अंतर कई दिन से ज्यादा बना हुआ है। इसलिए लोग इस समय भंयकर गर्मी का सामना कर रहे हैं।

#### विशेषज्ञ के अनुसार

विशेषज्ञ बताते हैं कि जब हवा में नमी अधिक होती है, तो शरीर से निकलने वाला पसीना आसानी से नहीं सूखता। सामान्य परिस्थितियों में पसीने का वाष्पीकरण शरीर को ठंडा रखता है, लेकिन नमी बढ़ने पर यह प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है। इससे शरीर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती और व्यक्ति को वास्तविक तापमान से कई डिग्री अधिक गर्मी महसूस होती है। यही कारण है कि 42 से 43 डिग्री का तापमान भी 48 से 49 डिग्री जैसा महसूस हो सकता है। यदि तापमान 42 डिग्री हो, लेकिन हवा शुष्क हो और तेज गति से चल रही हो, तो पसीना तेजी से सूखता है। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और गर्मी अपेक्षाकृत कम महसूस होती है। यानी केवल तापमान ही नहीं, बल्कि मौसम की अन्य परिस्थितियां भी तय करती हैं कि शरीर पर गर्मी का प्रभाव कितना पड़ेगा।

#### 45 डिग्री से ऊपर बढ़ाता है खतरा

वैज्ञानिकों के अनुसार मानव शरीर का सामान्य तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस होता है। शरीर पसीने के माध्यम से खुद को ठंडा रखने का प्रयास करता है, लेकिन अत्यधिक गर्म और नम वातावरण में यह प्राकृतिक प्रणाली प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाती। ऐसी स्थिति में हीट एक्सहॉशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब महसूस होने वाला तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक पहुंच जाता है, तो बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, खुले में काम करने वाले श्रमिक और पहले से बीमार लोग सबसे अधिक जोखिम में होते हैं। ऐसे मौसम में दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना, पर्याप्त पानी और अन्य तरल पदार्थ लेते रहना तथा शरीर में गर्मी बढ़ने के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेना जरूरी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी का सही आकलन केवल अधिकतम तापमान से नहीं किया जा सकता। महसूस होने वाला तापमान यह बताता है कि मौसम का असर मानव शरीर पर वास्तव में कितना पड़ रहा है। इसलिए गर्मी के मौसम में इस आंकड़े पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए, जितना अधिकतम तापमान पर।

### ट्रक व कार की टक्कर में कबड्डी खिलाड़ी की मौत, 4 साथी घायल

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में सोमवार रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार एक कबड्डी खिलाड़ी की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य युवक घायल हो गए। घायल पीजीआई रोहतक में भर्ती हैं। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है। वह पानीपत जिले का रहने वाला था। वह परिवार का इकलौता पुत्र था और रोहतक स्थित एक एकेडमी में प्रशिक्षण लेता था। जानकारी के अनुसार, बीती रात को वह किसी समारोह से लौट रहा था। गाड़ी में उसके साथ उसके 4 अन्य साथी भी सवार थे। गांव दुल्हेड़ा के निकट पहुंचे तो यहां एक ट्रक के साथ कार की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर बिखर गया।

विशेष छूट की अंतिम तिथि को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर लगाए

# संपत्तिकर बकाया पर ब्याज माफी की छूट के अंतिम दिन 2.94 करोड़ की राशि आई, 1 अप्रैल 2026 से वर्तमान तक 13.81 करोड़ जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अलग खबर

नगर निगम में करदाताओं की सुविधा एवं हरियाणा सरकार द्वारा संपत्तिकर बकाया पर दी गई 100 प्रतिशत ब्याज माफी की विशेष छूट की अंतिम तिथि को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर लगाए गए। सांय 6 बजे तक कार्यालय में सम्पत्तिकर जमा करवाया गया। इस दौरान करदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने बकाया संपत्तिकर का भुगतान किया तथा संपत्तिकर बकाया पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी छूट के अंतिम दिन लगभग 2.94 करोड़ रुपये से अधिक का संपत्तिकर, फायर टैक्स व यूजर चार्ज निगम कोष में जमा हुआ। नगर निगम कार्यालय में वित्तवर्ष 2026-27 अर्थात 1 अप्रैल 2026 से वर्तमान तक 13.81 करोड़ रुपये से अधिक संपत्तिकर, फायर टैक्स व यूजर चार्ज कोष में जमा हुआ।

## संपत्तिकर का भुगतान कर ब्याज माफी छूट का लाभ उठाया



नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि संपत्तिकर बकाया पर ब्याज माफी की विशेष छूट योजना के अंतिम दिन करदाताओं का उत्साह देखते ही बना। योजना का लाभ लेने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में करदाता नगर निगम कार्यालय पहुंचे। नगर निगम द्वारा ब्याज माफी योजना के अंतिम दिन करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम कार्यालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की गई थीं। विभिन्न काउंटरों पर पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई, जिससे करदाताओं को संपत्तिकर जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। करदाताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए थे। बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने बकाया संपत्तिकर का भुगतान कर ब्याज माफी छूट का लाभ उठाया तथा उनकी सकारात्मक भागीदारी नगर निगम के प्रति उनके विश्वास एवं जागरूकता का परिचायक हैं।

## अवलिंब अपना बकाया जमा करवाएं

नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष 2026-27 के संपत्तिकर के अग्रिम भुगतान पर 31 जुलाई 2026 तक 10 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है। इसलिए इस अवसर का लाभ उठाते हुए अवलिंब अपना बकाया संपत्तिकर जमा करवाएं तथा सरकार द्वारा प्रदान की गई इस विशेष छूट का अधिकतम लाभ प्राप्त करें। समय पर संपत्तिकर जमा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, और इससे नगर निगम को शहर में विकास कार्यों जैसे सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट आदि कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलती है, इसलिए अपना सम्पत्तिकर अवश्य जमा करवाकर, शहर को विकास की ओर गति देने में अपना सहयोग दें।

### साइबर ठग हर दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को बना रहे शिकार

# इंटरनेट के विज्ञापन और फर्जी कॉल ने तीन लोगों से उड़ाए पांच लाख रुपये

साइबर अपराधी हर उम्र और हर वर्ग के लोगों को निशाना बना रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर ठग हर दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है, लेकिन इसके बावजूद लोग लालच, भरोसे और जल्दबाजी में ठगों के जाल में फंस रहे हैं। रोहतक में सामने आए तीन अलग-अलग मामलों में साइबर अपराधियों ने रियल एस्टेट में निवेश, फर्जी गूगल पे ट्रांजेक्शन और मोटे मुनाफे का झांसा देकर करीब पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने तीनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर ठगों का नेटवर्क लगातार सक्रिय है। ताजा मामलों में ठगों ने इंटरनेट मीडिया पर आकर्षक विज्ञापन और फर्जी फोन कॉल के जरिए लोगों का विश्वास जीतकर लाखों रुपये हड़प लिए। तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों से साफ है कि साइबर अपराधी हर उम्र और हर वर्ग के लोगों को निशाना बना रहे हैं। कोई रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर ठगा गया तो किसी को गूगल पे पर रुपये आने का झूठा संदेश भेजकर रकम ट्रांसफर करवा ली गई। वहीं एक छात्रा को कम निवेश में बड़ा मुनाफा कमाने का लालच देकर हजारों रुपये ऐंठ लिए गए।

**केस-1**

### रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर 3.65 लाख की ठगी

शहर की विशाल नगर कॉलोनी निवासी एवं हेफेड विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी राजवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जून को उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर रियल एस्टेट में निवेश से संबंधित एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में अच्छा मुनाफा मिलने का दावा किया गया था। विज्ञापन के माध्यम से संपर्क करने के बाद ठगों ने उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया। विश्वास में लेकर उनसे अलग-अलग किस्तों में कुल तीन लाख 65 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब न तो कोई लाभ मिला और न ही संपर्क हो पाया, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**केस-2**

### परिचित बनकर किया फोन, फर्जी मैसेज भेजकर उड़ाए 40 हजार

दूसरा मामला आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव चुलियाना का है। गांव निवासी महावीर ने बताया कि 25 जून की शाम करीब सात बजे उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को परिचित बताते हुए कहा कि उसका गूगल पे काम नहीं कर रहा है और उसकी एक पेमेंट आने वाली है। उसने कहा कि वह महावीर के खाते में रुपये भेज देगा और बाद में नकद ले जाएगा। कुछ देर बाद ठग ने 45 हजार रुपये ट्रांसफर होने का फर्जी स्क्रीनशॉट भेज दिया। स्क्रीनशॉट देखकर महावीर ने विश्वास कर लिया और दो बार में कुल 40 हजार रुपये उसके बताए खाते में भेज दिए। बाद में जब उन्होंने अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें कोई राशि जमा नहीं हुई थी। तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

**केस -3**

### छात्रा को मोटे मुनाफे का लालच देकर 91 हजार रुपये ठगे

तीसरा मामला अर्बन एस्टेट थाना क्षेत्र का है। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी बीएड छात्रा वाणी ने पुलिस को बताया कि उसने इंटरनेट मीडिया पर कम निवेश में अधिक मुनाफा कमाने का एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद उसकी बातचीत व्हाट्सएप के माध्यम से ठगों से हुई। ठगों ने पहले 750 रुपये निवेश करने पर 14,999 रुपये मिलने का लालच दिया। वाणी ने उनके बताए क्यूआर कोड पर 750 रुपये भेज दिए। इसके बाद सिक्योरिटी राशि, प्रोसेसिंग फीस और अन्य बहानों से लगातार रुपये मांगे गए। झांसे में आकर उसने कई बार अलग-अलग रकम ट्रांसफर कर दी। इस तरह उससे कुल 91,348 रुपये की ठगी कर ली गई। जब ठगों ने और पैसे मांगने शुरू किए, तब उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

## पुलिस ने की लोगों से अपील

*तीनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर धोखाधड़ी और साइबर अपराध की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इंटरनेट मीडिया पर दिखने वाले आकर्षक निवेश के विज्ञापनों, अनजान लोगों के फोन और बिना बैंक खाते में राशि आए किसी भी व्यक्ति को पैसे ट्रांसफर करने से बचें। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या लेनदेन की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें।*

**राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे**

### रोहतक का पॉजीट्रोन अस्पताल अत्याधुनिक तकनीकों से दे रहा कैंसर मरीजों को नया जीवन

**रोहतक।** हर वर्ष 1 जुलाई को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे समाज को स्वस्थ रखने वाले चिकित्सकों के सेवा, समर्पण और साहस को समर्पित है। डॉक्टर न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि मुश्किल वक्त में परिवारों को एक नई उम्मीद भी देते हैं। आज चिकित्सा विज्ञान की आधुनिक तकनीकों के कारण कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का सटीक और प्रभावी इलाज संभव हो चुका है। इस दिशा में रोहतक स्थित पॉजीट्रोन सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह अस्पताल हरियाणा में पहली बार अत्याधुनिक रेडिएशन थेरेपी तकनीक के माध्यम से मरीजों को सुरक्षित और दर्द रहित उपचार उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल में प्रदेश की पहली 'लीनैक' आधारित रेडिएशन थेरेपी सहित आईएमआरटी, आईजीआरटी, एसआरएस और वीएमएटी जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएँ मौजूद हैं। अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट और विशेषज्ञों की समर्पित टीम हर मरीज की आवश्यकता के अनुसार व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉक्टर्स डे पर अस्पताल प्रबंधन ने समाज को सुरक्षित बनाने वाले सभी चिकित्सकों को बधाई दी है।

## न्यूज डायरी




### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में शिक्षकों के लिए एआई ट्रेनिंग वर्कशॉप

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल ने अपने शिक्षकों के कौशल विकास के लिए क्लासरूम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल विषय पर एक दिवसीय इन-हाउस ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया। इस विशेष सत्र का संचालन मुख्य वक्ता आरती शर्मा द्वारा किया गया। वर्कशॉप के दौरान शिक्षकों को क्लासरूम में आसानी से उपयोग होने वाले प्रैक्टिकल एआई टूल्स और आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य पढ़ाई को हर छात्र की व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार ढालना, कक्षाओं में छात्रों की भागीदारी बढ़ाना और फॉर्मेटिव असेसमेंट (लगातार होने वाले मूल्यांकन) को अधिक प्रभावी बनाना है। सत्र में शिक्षकों ने लाइव डेमो और व्यावहारिक गतिविधियों (प्रैक्टिकल एक्टिविटीज) में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही, शिक्षण में एआई के उपयोग के दौरान डेटा प्राइवेसी और एकेडमिक ईमानदारी बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई। अंत में, स्कूल के प्रधानाचार्य आर के खन्ना ने रिसोर्स पर्सन आरती शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेनिंग स्कूल के निरंतर चलने वाले प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका एकमात्र उद्देश्य हमारे छात्रों को भविष्य की तकनीक-आधारित दुनिया के लिए पूरी तरह तैयार करना है।

### सिर्फ कोशिश नहीं, लक्ष्य तय कर उसे हासिल करें : केजे अल्फोंस



**रोहतक।** सिर्फ कोशिश मत कीजिए। पहले तय कीजिए कि आपको क्या बनना है और फिर पूरे संकल्प के साथ उस लक्ष्य को हासिल करने में जुट जाइए। यह प्रेरणादायी संदेश पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी केजे अल्फोंस ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) की 17वीं बैच के दो दिवसीय इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने युवाओं से नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजित करने वाले (आंत्रप्रेन्योर) बनने का आह्वान किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिदेशक राकेश अग्रवाल (आईपीएस) ने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में स्वयं पर निवेश करना ही सबसे बड़ा निवेश है। उन्होंने विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने और असफलताओं से सीखकर निरंतर आगे बढ़ने की सलाह दी। आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने कहा कि वास्तविक नेतृत्व चुनौतियों से भरे कठिन मार्ग पर चलने से विकसित होता है। कार्यक्रम के दौरान प्रो. शर्मा ने अपनी नई पुस्तक 'अंडरस्टैंड इंडियन यूथ द जेनजी प्रोपेंसीटाईजइका विमोचन भी किया।

### स्वास्थ्य जांच शिविर व जागरूकता कैंप लगाया



**रोहतक।** हरिओम सेवा दल रजिस्टर्ड रोहतक द्वारा भामाशाह राजेश जैन एमडी एलपीएस बोसार्ड के जन्मदिन पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जागरूकता कैंप का आयोजन शहीद मदन लाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर विश्वेश्वरैयानंद गिरी महाराज के सानिध्य में समाजसेवी राजेश जैन, हरिओम सेवा दल के प्रधान आदिश जैन, भाजपा नेता राजकमल सहगल ने पंचमुखी श्री हनुमान की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात जन्मदिन का केक सभी को वितरण किया गया। प्रधान आदिश जैन ने बताया कि इस शिविर में 364 व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच एवं लैब टेस्ट करवाई। एक विकलांग को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल, जरूरतमंद को साइकिल एवं रोजगार हेतु एक जरूरतमंद लड़की को पैर वाली सिलाई मशीन दी गई।



### रोहतक में शारीरिक शिक्षक संगठन की नई कार्यकारिणी गठित, नीरज मलिक बने प्रधान

**रोहतक।** जाट भवन रोहतक में मंगलवार को शारीरिक शिक्षक संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व एईओ अनिल हुड्डा के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए राज्य वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र घनघस एवं राज्य संगठन सचिव सोमदत्त शर्मा मुख्य आब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के मुख्य पदों का चयन किया गया। इसके तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोरखेड़ी के नीरज सिंह मलिक को संगठन का नया जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। वहीं राजकीय उच्च विद्यालय मकरौली खुर्द के सत्येंद्र मान को महासचिव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरान के प्रमोद अहलावत को कोषाध्यक्ष और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरेंटी की पूनम को उप प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी का आभार जताते हुए शिक्षक हितों के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

### 2200 दिनों से थमा नहीं है अरविंद पाल दहिया का हौसला, बिना रुके पूरी की 20,681 किमी की दौड़




**रोहतक।** बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक और 'रोहतक रनर्स ग्रुप' के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद पाल दहिया ने सोमवार, 29 जून 2026 को एक और अभूतपूर्व कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। उन्होंने स्थानीय छोटू राम स्टेडियम में 10 किलोमीटर की दौड़ लगाकर लगातार दौड़ने के 2200 दिन पूरे किए। मूल रूप से सोनीपत के रोहणा गांव के रहने वाले 58 वर्षीय दहिया ने इस सफर की शुरुआत 20 जून 2020 को महज 100 दिन के एक चैलेंज के रूप में की थी, जो अब उनकी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बन चुका है। इन 2200 दिनों में उन्होंने बिना किसी अवकाश के कुल 20,681 किलोमीटर की दूरी तय की है। ऐतिहासिक उपलब्धि में 1 अल्ट्रा मैराथन (50 किमी), 17 फुल मैराथन और 244 हाफ मैराथन शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए 7035 किमी साइकिलिंग और 5030 किमी वॉकिंग भी की है।

# गलत इंजेक्शन से टूटा ओलंपिक का सपना

**नेशनल रेसलर को केमिस्ट ने दी ऑपरेशन वाली दवा, 4 दिन कोमा में रहा खिलाड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एक हैरान करने वाला और बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक मेडिकल स्टोर संचालक की लापरवाही ने देश के एक उभरते हुए खिलाड़ी का भविष्य दांव पर लगा दिया। रोहतक के देव कॉलोनी स्थित एक मेडिकल स्टोर पर हल्के बुखार की दवा लेने गए नेशनल रेसलिंग खिलाड़ी को केमिस्ट ने ऑपरेशन के दौरान इस्तेमाल होने वाला बेहद हैवी इंजेक्शन लगा दिया। खिलाड़ी बेहोश होकर गिर पड़ा और चार दिनों तक कोमा में रहा। होश में आने के बाद भी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतने का सपना टूट गया है। पीड़ित खिलाड़ी ने रोहतक पीजीआई थाने में आरोपी केमिस्ट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## ओलंपिक में मेडल जीतने का था सपना



रोहतक पीजीआई थाने में बयान दर्ज कराने पहुंचे नेशनल रेसलर विजय कुमार लांबा ने कहा मेरा सपना ओलंपिक में देश के लिए खेलने और मेडल जीतने का था, लेकिन एक गलत इंजेक्शन ने सब कुछ बदल दिया। कोमा से बाहर आया तो अपने परिवार तक को नहीं पहचान पाया। अब मेरी जो हालत है, उससे मैं नेशनल भी नहीं खेल पाऊंगा।

## हल्का बुखार होने पर गए थे मेडिकल स्टोर

मूल रूप से राजस्थान के सीकर जिले के नीमका थाना क्षेत्र के रहने वाले विजय कुमार लांबा नेशनल लेवल के कुश्ती खिलाड़ी हैं। वे रोहतक के गुरु मेहर सिंह अखाड़े में रहकर अपनी प्रैक्टिस करते हैं। विजय के अनुसार, बीती 11 मार्च को उन्हें हल्का बुखार महसूस हुआ था। इसके बाद वे दवा लेने के लिए पास ही देव कॉलोनी में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचे। उनका आरोप है कि वहां मौजूद मेडिकल स्टोर संचालक ने उन्हें जांचे-परखे बिना एक इंजेक्शन लगा दिया, जिसके तुरंत बाद उनकी तबीयत अचानक बेहद बिगड़ गई। विजय ने बताया कि इंजेक्शन लगते ही वे सुध-बुध खो बैठे और सीधे जमीन पर जा गिरे। अचानक गिरने के कारण उनका एक दांत टूट गया और कंधे में भी गंभीर चोट आई। उनके साथ मौजूद अन्य साथी खिलाड़ी उन्हें तुरंत आपातकालीन स्थिति में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां वे चार दिनों तक कोमा में जिंदगी और मौत की जंग लड़ते रहे। चार दिन बाद जब उन्हें होश आया, तो वे मानसिक संतुलन खो चुके थे और अपने परिवार के सदस्यों तक को पहचान नहीं पा रहे थे। इस घटना के बाद विजय को करीब 15 दिनों तक एक निजी अस्पताल में भर्ती रखना पड़ा।

### पशु सुरक्षा चक्र अभियान के तहत 1.64 लाख से अधिक पशुओं का किया टीकाकरण

**रोहतक।** जिले में पशु सुरक्षा चक्र अभियान के तहत अब तक 1 लाख 64 हजार 901 पशुओं को मुंह खुर (एफएमडी) व गलघोटू (एचएस) से बचाव के लिए संयुक्त वैक्सीन लगाई जा चुकी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि विभाग बूस्टर डोज और मॉपिंग राउंड चला रहा है। उन्होंने पशुपालकों से सभी पात्र पशुओं का टीकाकरण कराने की अपील की। प्रत्येक पशु का पंजीकरण भारत पशुधन ऐप पर किया जा रहा है तथा टीकाकरण के तुरंत बाद उसका रिकॉर्ड ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। इससे टीकाकरण की आवृत्ति घटती है और पशुओं पर बार-बार होने वाला तनाव भी कम होता है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
➤ MRI/CT TECHNICIAN 4
➤ COMPUTER OPERATOR 2
➤ PRO 2
➤ NURSING STAFF 4
➤ WARD BOY 2
➤ GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

### संस्था की वर्तमान कार्यकारिणी ने अपना पक्ष रखा

# जिला रजिस्ट्रार के आदेश को कोर्ट में देंगे चुनौती, फैसला एकतरफा : गुलाब दिमाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जाट शिक्षण संस्था के प्रधान पद से हटाए जाने के जिला फर्म एंड सोसायटी रजिस्ट्रार के आदेश के बाद संस्था की वर्तमान कार्यकारिणी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर अपना पक्ष रखा। संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने रजिस्ट्रार के फैसले को एकतरफा और साजिश के तहत लिया गया निर्णय बताते हुए कहा कि इस आदेश को न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि संस्था की निर्वाचित कार्यकारिणी को अदालत से न्याय मिलने का पूरा विश्वास है। पत्रकार वार्ता की शुरुआत संस्था के उपप्रधान धर्मराज ने की। बाद में गुलाब सिंह दिमाना भी पत्रकार वार्ता में पहुंचे और विस्तार से अपना पक्ष रखा। उनके साथ महासचिव नवदीप सिंह, संस्था के पदाधिकारी, आजीवन सदस्य, कॉलेजियम सदस्य तथा समाज के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर बताया गया कि नए प्रधान को कार्यभार 15 दिन के अंदर देना होता है।

उप प्रधान धर्मराज ने कहा कि संस्था लगातार विकास कार्य कर रही है, लेकिन कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से अनावश्यक विवाद खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था के विकास कार्यों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का सहयोग मिलता रहा है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी उन्हें भी दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि 60 से अधिक कॉलेजियम सदस्य वर्तमान कार्यकारिणी के समर्थन में हैं। इसके अलावा हाल ही में संस्था के तीनों कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के सभी 33 सदस्य भी उनके पैनल से निर्वाचित हुए हैं, जो वर्तमान नेतृत्व में समाज के विश्वास को दर्शाता है।

गुलाब सिंह दिमाना ने कहा कि 114 वर्ष पुरानी जाट शिक्षण संस्था के विकास के लिए वर्तमान कार्यकारिणी निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सर छोटूराम की समाधि पर बनाए जा रहे गुंबद में वही पत्थर लगाया गया है, जिसका उपयोग अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में किया गया है। साथ ही संस्था की जर्जर हेरिटेज इमारत का भी जीर्णोद्धार कराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग संस्था की छवि खराब करने के उद्देश्य से भ्रामक प्रचार कर रहे हैं।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना। फोटो : हरिभूमि

### किसी भी परिस्थिति में नहीं रुकेंगे विकास कार्य

उप प्रधान धर्मराज ने कहा कि रजिस्ट्रार द्वारा लगाए गए सभी आरोपों का दस्तावेजी जवाब लिखित रूप में दिया गया था, लेकिन आदेश में उनका उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि संस्था के हितों की रक्षा के लिए पूरा मामला न्यायालय में ले जाया जाएगा और विकास कार्य किसी भी परिस्थिति में नहीं रुकेंगे। पत्रकार वार्ता में महासचिव नवदीप सिंह, अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत, छात्र संघ के पूर्व प्रधान परमजीत तहलान, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान बलवान सुहाग, अरविंद श्योराण, जोगिंदर कोच, कपूर सिंह ढाका, प्रदीप मालिक सहित 60 से अधिक कॉलेजियम सदस्य, आजीवन सदस्य और समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता के दौरान उपस्थित लोगों ने रजिस्ट्रार के फैसले पर नाराजगी भी जताई।






### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षकों के लिए सीबीएसई 'लाइफ स्किल्स' कार्यशाला

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई के अंतर्गत शिक्षकों के लिए 'लाइफ स्किल्स' (जीवन कौशल) विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि वर्तमान दौर में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को आत्म-जागरूक, संवेदनशील और निर्णय लेने में सक्षम बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के लक्ष्यों को पाने के लिए शिक्षकों का निरंतर सशक्तिकरण आवश्यक है। इस सत्र में आत्म-जागरूकता, सहानुभूति, प्रभावी संप्रेषण, तनाव प्रबंधन और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों पर गहन चर्चा हुई।

### लक्ष्य राठी ने विश्व रोइंग कप में जीता गोल्ड मेडल



**महम।** लाखनमाजरा निवासी लक्ष्य राठी ने रोइंक कप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। गांववासी अमित राठी ने बताया कि लक्ष्य राठी ने स्विट्जरलैंड में आयोजित विश्व रोइंग कप में गोल्ड मेडल जीतकर मां बाप गांव जिले व प्रदेश के साथ साथ देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में उज्ज्वल कुमार सिंह के साथ मिलकर इतिहास रच दिया। अमित ने बताया कि डबल्स रोइंग विश्व कप में भारत का ये पहला गोल्ड मेडल है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य व उज्ज्वल कुमार सिंह ने हांगकांग व नीदरलैंड जैसी मजबूत टीमों को हराकर गोल्ड मेडल भारत की झोली में डाला है। इससे पहले लक्ष्य राठी ने एशियन गेम्स में डबल्स में गोल्ड मैडल व एकल में सिल्वर मैडल जीते हैं। इस जीत से न केवल गांव में बल्कि महम चौबीसी क्षेत्र में खुशी की लहर है। महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत ने लक्ष्य राठी व उज्ज्वल कुमार सिंह को बधाई दी। खाप प्रवक्ता कृष्ण बडाली ने कहा कि लाखनमाजरा पहुंचने पर लक्ष्य राठी का स्वागत कर सम्मानित किया जाएगा।

## सनसिटी हाइट्स में 'डॉग वॉर' ने बिगाड़ा माहौल

# कुत्तों को पानी पिलाने की बात पर महिलाओं में लाठी-डंडे चले, देर रात पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की पॉश सोसायटी सनसिटी हाइट्स में देर रात कुत्तों को पानी पिलाने की बात पर ऐसा विवाद छिड़ा कि देखते ही देखते शांत माहौल चीख-पुकार और हंगामे में बदल गया। आरोप है कि वॉक कर रही एक युवती आवारा कुत्तों के लिए रखे बर्तन में पानी भर रही थी। इसी दौरान वहां पहुंची एक महिला ने इसका विरोध किया और कहासुनी के बीच युवती पर डंडे से हमला कर दिया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों की दो से तीन महिलाएं आमने-सामने आ गईं। मामला इतना बढ़ गया कि सोसायटी के लोगों को पुलिस बुलानी पड़ी।

**विवाद बढ़ने पर धक्का-मुक्की करती महिलाएं**



### डंडे से हमले का आरोप

देर रात हुए इस विवाद से सनसिटी हाइट्स में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले दोनों महिलाओं के बीच कुत्तों को खाना-पानी देने को लेकर बहस शुरू हुई। देखते ही देखते बहस ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि एक महिला ने डंडे से युवती पर वार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग मौके पर जुट गए और काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

### बीच-बचाव का किया प्रयास

सोसायटी में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। शोर-शराबा सुनकर आसपास के फ्लैटों से भी लोग बाहर निकल आए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

### कई बार हो चुके विवाद

सनसिटी हाइट्स में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने और पानी रखने को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं। एक पक्ष का कहना है कि बेजुबान जानवरों की देखभाल करना मानवता का फर्ज है, जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि इससे सोसायटी में कुत्तों की संख्या बढ़ रही है और बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

### शिकायत पर कार्रवाई

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। यदि किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दी जाती है तो उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएलएफ में बंदरों का आतंक बच्चों पर हमला, सुनवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



डीएलएफ और गांधी कैंप क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कॉलोनी के बच्चे अब पार्क में खेलने तक से डरने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों के झुंड आए दिन बच्चों और राहगीरों पर झपट रहे हैं। कई बच्चे बंदरों के हमले में घायल भी हो चुके हैं, जिसके बाद अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। कॉलोनी निवासियों के अनुसार, सुबह और शाम के समय बंदरों का सबसे अधिक आतंक रहता है। पार्क, गलियों और मकानों की छतों पर बंदरों का कब्जा बना रहता है। लोग घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने को मजबूर हैं। बच्चों को अकेले बाहर भेजना जोखिम भरा हो गया है। आरोप है कि कई बार नगर निगम और संबंधित विभाग को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन से जल्द विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने और सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है। निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## अतिक्रमण हटाकर दी चेतावनी, नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# अवैध होर्डिंग और पोस्टर पर निगम सख्त, 7 लाख का जुर्माना लगाया

**टीम ने प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया**

**सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने व सुंदरता बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अवैध पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि पिछले 10 दिनों के दौरान निगम की प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाते हुए बिना अनुमति लगाए गए पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स और विज्ञापन बोर्ड हटाए हैं। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।

आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि नगर निगम की टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी परिसरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां बिना अनुमति विज्ञापन सामग्री लगाई गई थी, उसे तत्काल हटाया गया। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ हरियाणा प्रीवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989 तथा नगर निगम की विज्ञापन नीति के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने या उनकी सुंदरता बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि बिना अनुमति सरकारी भवनों, सार्वजनिक दीवारों, बिजली के खंभों, पार्कों, सड़कों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर, बैनर और विज्ञापन सामग्री लगाने से शहर की सुंदरता प्रभावित होती है। इसके अलावा इससे स्वच्छता व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए नगर निगम ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए लगातार निगरानी कर रहा है।



रोहतक। अवैध रूप से लगाए गए बोर्ड व अस्थायी अतिक्रमण हटाते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### अभियान जारी रहेगा

नगर निगम की प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) टीम ने मंगलवार को दिल्ली रोड, किला रोड और माता दरवाजा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध बोर्ड और अस्थायी अतिक्रमण हटाया। निगम आयुक्त ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि शहर में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। बिना अनुमति पोस्टर, फ्लैक्स और विज्ञापन सामग्री नहीं लगाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से बचने की अपील की।



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# नए कपड़े और खिलौने तो दूर, त्योहार भी साधारण मनता था

**मेहनत, ईमानदारी और धैर्य से हर मुश्किल को किया जा सकता पार**

आज जब लोग सम्मान और अनुभव की नजर से देखते हैं, तो शायद ही किसी को अंदाजा हो कि उनका बचपन कितनी कठिनाइयों के बीच बीता था। उम्र के इस पड़ाव तक पहुंचने से पहले उन्होंने गरीबी, अभाव और संघर्ष के ऐसे दिन देखे, जिन्होंने उन्हें अंदर से मजबूत बना दिया। यह कहना है सुरेश राठी का का। उन्होंने बताया कि बचपन में परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। कई बार दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो जाता था। नए कपड़े और खिलौने तो दूर की बात थी, त्योहार भी साधारण तरीके से ही गुजरते थे। पढ़ाई की इच्छा होने के बावजूद उन्हें स्कूल जाने के साथ-साथ खेतों और घर के कामों में भी हाथ बंटाना पड़ता था। कई किमी. पैदल चलकर स्कूल पहुंचना और लौटकर परिवार की जिम्मेदारियां निभाना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा था। कम उम्र में ही उन्होंने मेहनत और आत्मनिर्भरता का महत्व समझ लिया था। छुट्टियों में मजदूरी करना, पशुओं की देखभाल करना और खेतों में काम करना उनकी दिनचर्या बन गई थी।





सुरेश राठी

### कठिन परिस्थितियों में हार नहीं मानी

कठिन परिस्थितियों ने उन्हें कभी हार मानना नहीं सिखाया। हर चुनौती का सामना उन्होंने धैर्य और हिम्मत के साथ किया। समय बदला, मेहनत रंग लाई और धीरे-धीरे जिंदगी ने नई दिशा पकड़ ली। संघर्षों से भरा वही बचपन आज उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन चुका है। उनका मानना है कि कठिन समय इंसान को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे मजबूत बनाता है। आज वे अपने अनुभवों से नई पीढ़ी को यही संदेश देते हैं कि मेहनत, ईमानदारी और धैर्य के बल पर हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि अभावों में पले सपने भी एक दिन हकीकत बन सकते हैं।

### छोटी उम्र में ही उठाया जिम्मेदारियों का बोझ

कठिनाइयों और अभावों के बीच बीता। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण छोटी उम्र में ही जिम्मेदारियों का बोझ उठाना पड़ा। पढ़ाई के साथ खेतों और घर के कामों में हाथ बंटाना उनकी दिनचर्या थी। कई बार नंगे पैर स्कूल जाना पड़ता था और पुरानी किताबों से पढ़ाई करनी पड़ती थी। सुविधाएं कम थीं, लेकिन मेहनत करने का जज्बा कभी कम नहीं हुआ। संघर्षों से भरे उन्हीं दिनों ने उन्हें मेहनती, ईमानदार और आत्मनिर्भर बनाया। समय के साथ उन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया और अपने परिश्रम के दम पर सम्मानजनक मुकाम हासिल किया। आज वे नई पीढ़ी को यही सीख देते हैं कि कठिन परिस्थितियां इंसान को रोकती नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की ताकत देती हैं।



चंदन लाल

### ढिबरी की रोशनी में पढ़ाई, संघर्षों से लिखी सफलता की कहानी

अभाव के कारण नए कपड़े, किताबें और जूते आसानी से नहीं मिलते थे। कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा था। स्कूल से लौटने के बाद वे खेतों में काम करते, पशुओं की देखभाल करते और परिवार की जिम्मेदारियां निभाते थे। कठिन हालात के बावजूद उन्होंने पढ़ाई और मेहनत का साथ नहीं छोड़ा। जीवन के इन्हीं संघर्षों ने उन्हें आत्मविश्वासी, ईमानदार और मजबूत बनाया। आज वे अपने अनुभवों के आधार पर युवाओं को यही संदेश देते हैं कि अभाव कभी सफलता की राह नहीं रोकते। यदि इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्चे मन से की जाए, तो हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि संघर्षों से निकला व्यक्ति ही सफलता की असली कीमत समझता है। कहा, अभाव में जिए लेकिन कभी हार नहीं मानी और आज कई मुकाम हासिल कर लिए हैं।



राम कुमार

## स्टेट बैंक के पास से दिनदहाड़े इलेक्ट्रिक एक्टिवा चोरी




रोहतक। शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को स्टेट बैंक (कोर्ट परिसर के पास) से एक महिला की इलेक्ट्रिक एक्टिवा दिनदहाड़े चोरी हो गई। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधकर बड़ी आसानी से एक्टिवा ले जाता दिखाई दे रहा है। बताया गया कि चोरी हुई इलेक्ट्रिक एक्टिवा एक निजी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी राहुल की पत्नी की है। वह किसी काम से स्टेट बैंक के पास गई थीं। इसी दौरान करीब 11 बजे अज्ञात चोर एक्टिवा चोरी कर फरार हो गया। घटना के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के केमिस्ट सेल के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने सोशल मीडिया के माध्यम से उपायुक्त रोहतक से वाहन बरामद कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए जाएं तो सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन को जल्द ट्रेस किया जा सकता है। राकेश गर्ग ने कहा कि एक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बड़ी मुश्किल से बचत या ऋण लेकर वाहन खरीदता है। ऐसे में इस प्रकार की चोरी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव भी देती है। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई कर इलेक्ट्रिक एक्टिवा बरामद करने और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही

## लाइन पर काम करते एएलएम की करंट से मौत

**दो साल पहले ही भर्ती हुआ था युवक, साथियों ने जताया शोक**

रोहतक। रोहतक सर्कल में दो साल पहले भर्ती हुए एक युवा असिस्टेंट लाइनमैन (एएलएम) की मंगलवार को बिजली की चालू लाइन पर काम करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। हरियाणा बिजली निगम कर्मचारी संगठन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस हादसे की जानकारी साझा करते हुए दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। कर्मचारियों का कहना है कि यह घटना हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। बिजली विभाग के साथियों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# कच्चा चमारिया रोड स्थित पटाखा फैक्ट्री परिसर के गोदाम में आग



रोहतक। कच्चा चमारिया रोड स्थित एक पटाखा फैक्ट्री परिसर में किराये पर दिए गए गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही दमकल विभाग और पुलिस को दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। गोदाम में रखा सामान तेजी से आग की चपेट में आने के कारण लपटें और धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। पटाखा फैक्ट्री परिसर होने के कारण स्थिति काफी संवेदनशील थी, इसलिए दमकल कर्मियों ने पूरी सावधानी बरतते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य कारण से आग लगी हो सकती है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि गोदाम में रखा सामान जलने से आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं।

# पीजीआई की ओपीडी में आग की अफवाह से भगदड़, महिला घायल

रोहतक। शहर में हाल के दिनों में आगजनी की लगातार घटनाओं के बीच को पीजीआईएमएस की ओपीडी में आग लगने की झूठी सूचना फैलते ही मरीजों और तीमारदारों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते लोग जान बचाने के लिए बाहर की ओर दौड़ पड़े। भगदड़ के दौरान एक महिला के घायल होने की सूचना है। हालांकि पीजीआई प्रशासन और संबंधित अधिकारियों ने आग लगने अथवा किसी गंभीर घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही मिनटों में पूरे परिसर में दहशत का माहौल बन गया। हाल के दिनों में शहर के बाजारों में हुई आगजनी की घटनाओं के कारण लोगों में पहले से ही भय का माहौल है, जिससे छोटी-सी सूचना भी बड़ी घबराहट का कारण बन रही है। अस्पताल प्रशासन ने अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की।

## एलएलबी के लिए सबसे ज्यादा क्रेज, आईएचटीएम में घटा रुझान

**कई पाठ्यक्रमों में सीटें भरना चुनौती**

# एमडीयू आईएचटीएम कोर्स में सीटों से भी कम आवेदन, शिक्षकों की सैलरी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आईएचटीएम एक सेल्फ फाइनेंस कोर्स है। नियमानुसार इस कोर्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की फीस से ही यहां के शिक्षकों को सैलरी दी जाती है। विश्वविद्यालय को इन पाठ्यक्रमों की कुल 4,710 सीटों के लिए इस बार रिकॉर्ड 12,364 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि, जहां कुछ कोर्सेज में दाखिले के लिए कड़ा मुकाबला है, वहीं कुछ विभागों में सीटें खाली रहने का संकट खड़ा हो गया है। एमए संस्कृत में 75 सीटों के मुकाबले सिर्फ 45 आवेदन आए और महज 38 विद्यार्थियों ने ही फीस जमा की है।

### एलएलबी: 1 सीट पर 7 दावेदार

विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा क्रेज एलएलबी (आनर्स) त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम का देखने को मिल रहा है। यहां उपलब्ध मात्र 240 सीटों के लिए रिकॉर्ड 1,662 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वहीं जीव विज्ञान संकाय के 370 सीटों के लिए 648 आवेदन आए हैं। प्रबंधन पाठ्यक्रमों की 440 सीटों के लिए 978 आवेदन आए हैं। एलएलएम पाठ्यक्रम की 180 सीटों के लिए 711 आवेदन आए हैं। मानविकी एवं कला संकाय में एम.ए. (अंग्रेजी) की 60 सीटों के लिए 483 आवेदन हैं। सामाजिक विज्ञान संकाय में मनोविज्ञान विभाग की 70 सीटों के लिए 416 आवेदन आये हैं। भौतिक विज्ञान संकाय में एम.एस.सी. रसायन शास्त्र की 90 सीटों के लिए 237 आवेदन आए हैं।

इस बार विश्वविद्यालय के 'इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट' (आईएचटीएम) ग्रुप के एमटीटीएम और एमएचएमसीटी पाठ्यक्रमों में छात्रों का रुझान बेहद कम देखने को मिला है। यहां कुल 70 सीटों के लिए महज 60 ऑनलाइन आवेदन आए थे, जिनमें से केवल 46 अभ्यर्थियों ने ही अपनी फीस जमा कराई है। आईएचटीएम एक सेल्फ फाइनेंस कोर्स है। नियमानुसार इस कोर्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की फीस से ही यहां के शिक्षकों को सैलरी दी जाती है। ऐसे में सीटें पूरी न भरने के कारण विभाग के सामने शिक्षकों के वेतन की व्यवस्था करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है।

### रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम बनाएं जाए

जब से मैंने जॉइन किया है, मैं लगातार इस बात को हाइलाइट कर रहा हूं कि विभिन्न विभागों में यह शॉर्टफॉल आखिरकार क्यों है। शिक्षकों सेअनुरोध किया है कि वे पाठ्यक्रम को रोजगारोन्मुखी, उद्योग-केंद्रित (इंडस्ट्री ओरिएंटेड) और इंटर्नशिप आधारित बनाएं। -प्रो. मिलाप पुनिया कुलपति, एमडीयू



रोहतक। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल को विदाई देते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

**पीजीआईएमएस ने दी विदाई**

# डॉ. कुंदन को नहीं मिली एक्सटेंशन, सेवानिवृत्त

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय एवं पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. कुंदन मित्तल मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवा विस्तार नहीं मिलने के बाद संस्थान में आयोजित समारोह में उन्हें और नर्सिंग कॉलेज की प्रो. राजपति को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि डॉ. कुंदन मित्तल ने अपना पूरा जीवन पीजीआई को समर्पित किया और उनके योगदान की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। चिकित्सा सेवाओं, प्रशासनिक व्यवस्था और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया। डॉ. मित्तल के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अस्पताल में कई नई व्यवस्थाएं शुरू कराईं, मरीजों की सुविधाएं बढ़ाईं।

### डॉ. कुंदन मित्तल का योगदान अतुलनीय

डॉ. कुंदन मित्तल ने अपना पूरा जीवन संस्थान को समर्पित किया और उनका योगदान अतुलनीय है। विदाई समारोह में कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन डॉ. एमजी वशिष्ठ, डॉ. अशोक चौहान और डॉ. सविता सिंघल सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने डॉ. मित्तल की मरीजों के प्रति समर्पित सेवा और प्रशासनिक कार्यों की सराहना की। समारोह में नर्सिंग कॉलेज की प्रो. राजपति को भी सम्मानित किया गया और दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

-डॉ. एचके अग्रवाल कुलपति, पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

### पीजीआई मेरे दिल में बसा रहेगा: डॉ. कुंदन मित्तल

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि यहां से मिले प्यार और स्नेह को मैं कभी नहीं भुला पाऊंगा। यह संस्थान हमेशा उनके दिल में बसा हुआ है और वे हमेशा संस्थान की उन्नति की कामना करेंगे। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में भी मरीजों की सेवा से जुड़े रहेंगे, जितना हो सकेगा वह समाजसेवा और मरीजों के लिए ही कार्य करते रहेंगे।